बिहार सरकार
स्वास्थ्य विभाग
आदेश

सं०सं०–16/यू.1–06/2026– पटना, दिनांक–

विभागीय अधिसूचना संख्या–743(आ०चि०), दिनांक–19.07.2024 द्वारा डा० फरहीन खानम, यूनानी चिकित्सा पदाधिकारी को अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सिमुलतला, झाझा, जमुई में पदस्थापित किया गया। नियुक्ति एवं योगदान से पूर्व डा० फरहीन खानम राजकीय यूनानी मेडिकल कॉलेज, हिम्मतगंज प्रयागराज, उत्तर पदेश में सत्र–2021 इलाज बिद तदबीर विभाग में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम (M.D) में अध्ययनरत (शोधार्थी) थी। विभागीय आदेश ज्ञापांक–325(आ०चि०), दिनांक–03.03.2025 के आलोक में सिविल सर्जन, जमुई के ज्ञापांक–511, दिनांक–25.03.2025 द्वारा डा० फरहीन खानम को दिनांक–27.03.2025 के अपराह्न से अध्ययन पूर्ण करने हेतु अध्ययन अवकाश के लिए विरमित दिया गया।

2. दिनांक–08.04.2026 को स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम (M.D) पूर्ण होने के उपरान्त डा० फरहीन खानम द्वारा दिनांक–09.04.2026 को विभागीय ओदश ज्ञापांक–325(आ०चि०), दिनांक–03.03.2025 के आलोक में आयुष निदेशालय, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना में अपना योगदान किया गया है।

3. उक्त के आलोक में डा० फरहीन खानम, यूनानी चिकित्सा पदाधिकारी का योगदान दिनांक–09.04.2026 के प्रभाव से स्वीकृत किया जाता है। डा० फरहीन खानम पदस्थापन की प्रतीक्षा में रहेंगी।

उपर्युक्त में सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

ह०/–
(उपेन्द्र राम)
सरकार के अवर सचिव।

ज्ञापांक –16/यू.1–06/2026 – 806 – **(आ0चि0)/पटना, दिनांक** –20.5.2026

प्रतिलिपि – सचिव, स्वास्थ्य के प्रधान आप्त सचिव/अपर सचिव/उप सचिव/अवर सचिव, प्रभारी प्रशाखा 16 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि – सिविल सर्जन, जमुई/जिला देशी चिकित्सा पदाधिकारी, जमुई को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि – डा० फरहीन खानम, यूनानी चिकित्सा पदाधिकारी पदस्थापन की प्रतीक्षा में आयुष निदेशालय, स्वास्थ्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि – आई0टी0 मैनेजर, स्वास्थ्य विभाग को सूचनार्थ एवं विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

20/05/2026
सरकार के अवर सचिव

D \MANISHA\Aadesh docx